मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-566
24/12/2022

# मुख्यमंत्री ने मोतिहारी में ईंट–भट्ठे की चिमनी फटने की दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 4–4 लाख रूपये देने की घोषणा की

पटना, 24 दिसम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्वी चम्पारण जिले के रामगढ़वा थाना इलाके में ईंट–भट्ठे की चिमनी फटने की दुर्घटना में मरने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने इस हादसे में मृत लोगों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 4–4 लाख रूपये देने की घोषणा की है। इस हादसे में घायल हुये लोगों के इलाज का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी, उनके समुचित इलाज के लिये स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

******